

देव ट्रेवल-एजेंसी
शान की सवारी
नया विचार दैनिक
तेजी से फैलता हिन्दी अखबार
अंकुर किताबें ही किताबें
अखबार, उपन्यास, मासिक पत्रिकायें, खेल-पत्रिका
वंदना
शोभा
गोदान
अंकुर
किताबें ही किताबें




© NCERT not to be republished





इ र

# 6. छुक-छुक गाड़ी

0117CH06

छूटी मेरी रेल।
रे बाबू, छूटी मेरी रेल।
हट जाओ, हट जाओ भैया!
मैं न जानूँ, फिर कुछ भैया!
टकरा जाए रेल।

धक-धक, धक-धक, धू-धू, धू-धू!
भक-भक, भक-भक, भू-भू, भू-भू!
छक-छक छक-छक, छू-छू, छू-छू!
करती आई रेल।

इंजन इसका भारी-भरकम।
बढ़ता जाता गमगम गमगम।
धमधम धमधम, धमधम धमधम।
करता ठेलम ठेल।

सुनो गार्ड ने दे दी सीटी।
टिकट देखता फिरता टीटी।
सटी हुई वीटी से वीटी।
करती पेलम पेल।

छूटी मेरी रेल।




© NCERT not to be republished




# इतने सारे रंग


**पिछले पन्नों में इन रंगों को ढूँढ़ो। इन रंगों वाली चीज़ों के चित्र बनाओ।**






मुझे चाहिए
लाल रंग






मुझे चाहिए
हरा रंग





मुझे चाहिए
पीला रंग







मुझे चाहिए
काला रंग

© NCERT not to be republished



## नाम बताओ







........................ ........................ ........................



........................



........................

## पूरा करो

छूटी मेरी रेल, रे बाबू ........................................................।

सुनो गार्ड ने दे दी ........................................................।

## हर डिब्बे पर उसके रंग वाली किसी चीज़ का नाम लिखो।



अब तक पिछले पन्नों में जितनी भी चीज़ों के नाम आए हैं उनकी सूची बच्चों की मदद से श्यामपट्ट पर लिखें। उन चीज़ों में से किसी एक चीज़ को रंग के अनुसार अलग-अलग रंग के डिब्बों में लिखने को कहें।





© NCERT not to be republished